राजयोगिनी ब्र.कु. उषा बहन,
वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका

एक दिन पूरा बाबा के साथ रहेंगे तो बाबा की आशीर्वाद व मदद मिलेगी...

जितना स्वदर्शन चक्र चलेगा उतना शुद्धिकरण होता जायेगा

बाबा हम बच्चों को कहते हैं अपने संग की संभाल करो। किसका संग कर रहे हैं ये देखो और हमेशा मन से बाबा का संग करते रहो। बाबा के संग में रहो, मुरली के संग में रहो, श्रीमत के संग में रहो। तो ये संग यानी ये फास्टिंग करो तो मन के संकल्प अशुद्ध नहीं होंगे। लेकिन अगर बुरा संग होगा, तो मन के संकल्प अच्छे नहीं होंगे ना! और आज की दुनिया में सबसे बड़ा संग कौन-सा है,जो व्यक्ति को बिगाड़ता है? मोबाइल, मोबाइल है ना! पता नहीं क्या-क्या देखते रहते हैं और कहाँ-कहाँ पहुंच जाते हैं तो बुद्धि खराब होगी या नहीं होगी! इसलिए बाबा कहते हैं साधन हैं उसको यूज़ करो लेकिन मालिक बनकर यूज़ करो, गुलाम बनकर नहीं। ये फास्टिंग बहुत ज़रूरी है। अगर ये फास्टिंग नहीं किया तो क्या होगा? परिवर्तन मुश्किल है। बुरी संगत का फास्टिंग ज़रूरी है। मालिक बन जाओ, स्वराज्य अधिकारी। बाबा ने एक मुरली चलाई जिसमें रूलिंग पॉवर और कंट्रोलिंग पॉवर के बारे में कहा। क्यों कहा? क्योंकि बाबा भी ऊपर से देख रहा है कि बच्चे किसके संग में सारा दिन क्या कर रहे हैं। कितना टाइम वेस्ट कर रहे हैं। इसलिए इसका फास्टिंग करना बहुत ज़रूरी है।

क्या हम एक हफ्ते में एक दिन मोबाइल का उपवास नहीं कर सकते हैं? नेचरक्योर में भी हफ्ते में एक दिन उपवास कहते हैं ना! उस दिन सुबह से सभी को ये बताओ कि आज मेरा गुरूवार का उपवास है और गुरूवार को मैं मोबाइल बिल्कुल ऑपरेट नहीं करूंगी या करूंगा। एक दिन पूरा बाबा के साथ रहेंगे तो बाबा भी आशीर्वाद देगा कि नहीं देगा? उसकी मदद भी मिलेगी।

पांच स्वरूप का अभ्यास, स्वदर्शन चक्र चलाओ। जितना स्वदर्शन चक्र आपका चलेगा उतना ही असुरों का गला कटेगा, आपका शुद्धिकरण हो जायेगा। तो ये पांच स्वरूप का अभ्यास बाबा ने कहा है आठ बार, बारह बार करो। सारे दिन में करो, हर घंटे में एक बार करो।

हफ्ते में एक दिन आप खुद को देखो मैं गुलाम हूँ या मालिक बनकर प्रयोग कर रहा हूँ! ये आप चेक करो अपने आपमें कि एक दिन अगर मैंने उपवास किया मोबाइल का तो मैं उसके बिना रह सकता हूँ कि नहीं! मोबाइल के बिना अगर बेचैन हो जाते हैं तो इसका मतलब आप गुलाम हैं। इस गुलामी को खत्म करो। और अगर आप खुशी में रह सकते हैं, तो आप समझो मैं मालिक बनकर प्रयोग कर रहा हूँ। एक दिन पूरा आप बाबा के साथ एन्जॉय करो। और फिर फास्टिंग के बाद आप अपने विचारों को देखो कि आज मेरे विचार कैसे हैं? फिर देखो संस्कार परिवर्तन होता है कि नहीं होता है? फास्टिंग करेंगे तो संस्कार परिवर्तन ज़रूर होगा।

संस्कार परिवर्तन के लिए बाबा ने जो अभ्यास हम बच्चों दिया है पांच स्वरूप का। फास्टिंग करेंगे तो क्या करेंगे? अल्टरनेट कुछ देना पड़ेगा ना! नहीं तो मोबाइल की याद बार-बार आती रहेगी। इसलिए पांच स्वरूप का अभ्यास, स्वदर्शन चक्र चलाओ। जितना स्वदर्शन चक्र आपका चलेगा उतना ही असुरों का गला कटेगा, आपका शुद्धिकरण हो जायेगा। तो ये पांच स्वरूप का अभ्यास बाबा ने कहा है आठ बार, बारह बार करो। सारे दिन में करो, हर घंटे में एक बार करो। इस चक्र को घुमा दो, स्वदर्शन चक्र से क्या होगा? अपने अंदर रहे हुए बुरे स्वभाव-संस्कार जो हैं या संस्कार रूपी असुर हैं उनके गले कट जायेंगे। तब देखना कितना पॉवरफुल अंदर में हो जायेंगे आप। स्वदर्शन चक्र जिसके पास हो वो कितना पॉवरफुल हो जाता है और पॉवरफुल नहीं लेकिन श्रीकृष्ण के साथी बन जायेंगे। श्रीकृष्ण के साथ जीवन जीने का अवसर मिलेगा नई दुनिया में। ठीक है!

कोहिमा-नागालैंड। गृहमंत्री अमित शाह एवं भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का शॉल पहनाकर अभिनंदन करने के पश्चात् नागालैंड में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा हो रही ईश्वरीय सेवाओं की जानकारी देते हुए ब्र.कु. रूपा बहन,स्थानीय सेवाकेन्द्र एवं अन्य जिलों के सेवाकेन्द्रों की निदेशिका।

बड़वानी-म.प्र.। 'सर्व प्राप्तियों का आधार-श्रीमद् भगवत् गीता' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व जस्टिस बी.डी. राठी तथा ब्र.कु. मीना बहन।

कामठी-महा.। ब्रह्माकुमारीज़ के शाखा रनाला में नये सेवाकेन्द्र सद्भावना भवन के राजयोग मेडिटेशन हॉल का उद्घाटन ब्रह्माकुमारीज़ कृषि व ग्राम विकास प्रभाग की अध्यक्षा राजयोगिनी ब्र.कु. सरला दीदी के हस्तों से हुआ। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले, सांसद कृपाल तुमाने, विधायक टेकचंद सावरकर, ब्र.कु. रजनी दीदी, ब्र.कु. रत्नमाला दीदी, ब्र.कु. देव भाई,माउण्ट आबू, पूर्व विधायक देवराव रड़के, नगर सेविका परिणीता फुके, सरपंच पंकज साबळे, ब्र.कु. प्रेमलता दीदी सहित अन्य भाई-बहनें उपस्थित रहे। संस्थान की अति. मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. मोहिनी दीदी,न्यूयॉर्क ने विडियो के माध्यम से शुभकामनाएं दी।

रीवा-झिरिया(म.प्र.)। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा समाजसेवियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर मनोज कुमार पुष्प, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, ब्रह्माकुमारीज़ की क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. निर्मला दीदी व अन्य ब्र.कु. भाई-बहनों सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

Name: OM SHANTI MEDIA
Pay Directly to: mediabkm@indianbk

BHIM UPI
BHARAT INTERFACE FOR MONEY UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

For Online Transfer

BANK NAME:- INDIAN BANK
BRANCH:- Shantivan, Talhati
ACCOUNT NAME:- OM SHANTI MEDIA
ACCOUNT NO:- 7482096871,
IFSC - CODE:- IDIB000S319

Note:- AfterTransfer send detail on
E-Mail - omshantimedia.acct@bkivv.org
E-Mail - omshantimedia@bkivv.org

ओमशान्ति मीडिया सदस्यता हेतु सम्पर्क करें

कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया
संपादक - ब्र.कु. गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी,
पोस्ट बॉक्स न-5,आबू रोड, राज. 307510
सम्पर्क- M- 9414006096, 9414154344, 9414182088
Email-omshantimedia@bkivv.org
सदस्यता शुल्क : भारत - वार्षिक - 240 रूपये, तीन वर्ष - 720 रूपये, आजीवन - 6000 रूपये
Website: www.omshantimedia.org